रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	14/12/2025
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 तीन विलयनों A, B और C के pH मान क्रमशः 3, 7 और 12 हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ A. विलयन A और C दोनों उदासीन हैं।
✗ B. विलयन B क्षारीय है और विलयन C अम्लीय है।
✗ C. विलयन C उदासीन है जबकि विलयन A क्षारीय है।
✓ D. विलयन A प्रबल अम्लीय है और विलयन C प्रबल क्षारीय है।

Q.2 निम्नलिखित सजीवों में से किस सजीव में अस्थियां होती हैं जो शरीर की गतिशीलता में सहायक होती हैं?

Ans
✓ A. सांप
✗ B. केंचुआ
✗ C. घोंघा
✗ D. तिलचट्टा

Q.3 निम्नलिखित में से कौन-सा, तत्व लेड (lead) का सही प्रतीक है?

Ans
✓ A. Pb
✗ B. Le
✗ C. Lb
✗ D. Ld

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र का एक भाग है?

Ans
✗ A. कपाल तंत्रिकाएँ (Cranial nerves)
✗ B. ग्रसनी (Pharynx)
✗ C. मेरु तंत्रिकाएँ (Spinal nerves)
✓ D. मेरु रज्जु (Spinal cord)

Q.5 एकसमान वेग के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
✗ A. वेग स्थिर है और त्वरण शून्य है।
✗ B. v-t ग्राफ में रेखा का ढलान शून्य है।
✗ C. v-t ग्राफ एक क्षैतिज रेखा है।
✓ D. v-t ग्राफ के अधीन क्षेत्रफल त्वरण देता है।

Q.6	निम्नलिखित में से कौन-सा, उद्योग में अल्ट्रासाउंड का अनुप्रयोग है?
Ans	✗ A. रेफ्रिजरेटर में ठंडा करने के लिए उपयोग किया जाता है
	✓ B. धातु ब्लॉकों में दरारों का पता लगाना
	✗ C. वस्तुओं को वजन में हल्का बनाना
	✗ D. ठोस पदार्थों में ध्वनि की गति बढ़ाना

Q.7	पैकेज्ड खाद्य पदार्थों में विकृतगंधिता (rancidity) से रोकथाम के लिए सामान्यतः निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है?
Ans	✗ A. पैक करने से पहले खाद्य को गर्म करना
	✗ B. खाद्य का ऑक्सीजन-युक्त पात्रों में भंडारण करना
	✗ C. खाद्य में अम्ल मिलाना
	✓ D. सील करने से पहले नाइट्रोजन गैस द्वारा संप्रवहन करना (flushing)

Q.8	पादपों में बृहत्-पोषकों की आवश्यकता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
Ans	✗ A. पादपों को बृहत्-पोषक की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं होती है।
	✓ B. पादपों को बड़ी मात्रा में बृहत्-पोषक की आवश्यकता होती है।
	✗ C. बृहत्-पोषक अवशोषित होने पर पादपों के लिए हानिकारक होते हैं।
	✗ D. बृहत्-पोषक की आवश्यकता केवल पुष्पन के दौरान होती है।

Q.9	पृथ्वी की सतह पर गुरुत्वीय कारण त्वरण ....द्वारा दिया जाता है।
Ans	✗ A. g = R2/GM
	✗ B. g = GM/R
	✗ C. g = GM
	✓ D. g = GM/R2

Q.10	निम्नलिखित में से कौन-सा कथन स्थितिज ऊर्जा के बारे में सत्य है?
Ans	✗ A. यह केवल द्रव्यमान पर निर्भर करती है।
	✓ B. यह संदर्भ बिंदु के आधार पर ऋणात्मक हो सकती है।
	✗ C. इसे गतिज ऊर्जा में परिवर्तित नहीं किया जा सकता।
	✗ D. भूमितल पर यह सदैव शून्य होती है।

Q.11	द्रव्यमान संरक्षण का नियम किसके द्वारा दिया गया था?
Ans	✗ A. अर्नेस्ट रदरफोर्ड (Ernest Rutherford)
	✗ B. जॉन डाल्टन (John Dalton)
	✗ C. जोसेफ प्राउस्ट (Joseph Proust)
	✓ D. एंटोनी लावोज़ियर (Antoine Lavoisier)

Q.12	एक लड़का 1000 m सीधी सड़क के एक छोर A से दूसरे छोर B तक 2 मिनट में चलता है और फिर मुड़कर 2 मिनट में 400 m चलकर बिंदु C पर वापस आता है। बिंदु A से बिंदु C तक जाने में लड़के का औसत वेग (m/s में) कितना होगा?
Ans	✗ A. 150
	✗ B. 25
	✗ C. 15
	✓ D. 2.5

Q.13	किसी पदार्थ के कणों की गति के कारण उसके दूसरे पदार्थ के साथ फैलने और मिश्रित होने की घटना निम्नलिखित में से क्या कहलाती है?
Ans	✔ A. विसरण (Diffusion)
	✗ B. वाष्पन (Evaporation)
	✗ C. संघनन (Condensation)
	✗ D. ऊर्ध्वपातन (Sublimation)

Q.14	निम्नलिखित में से कौन-सा अपघटन अभिक्रिया का उदाहरण है?
Ans	✗ A. $Mg + O_2 \rightarrow MgO$
	✗ B. $Na + Cl_2 \rightarrow NaCl$
	✔ C. $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$
	✗ D. $H_2 + O_2 \rightarrow H_2O$

Q.15	मेंडल ने अपने संकरण (crosses) में तद्रूप-प्रजनन वाले पौधों (true-breeding plants) का जनक के रूप में क्यों उपयोग किया?
Ans	✗ A. शीघ्रता से बड़ी संख्या में पौधे प्राप्त करने के लिए
	✗ B. पौधों की वृद्धि पर पर्यावरणीय प्रभावों का अध्ययन करने के लिए
	✔ C. वंशागति पैटर्न का अध्ययन करने के लिए
	✗ D. उन्हें समान मृदा स्थिति में उगाने के लिए

Q.16	पहले माध्यम के सापेक्ष दूसरे माध्यम का अपवर्तनांक ___________ पर निर्भर करता है।
Ans	✗ A. केवल परिवेश के तापमान
	✗ B. आपतित प्रकाश की तीव्रता
	✗ C. केवल सीमा पृष्ठ के आकार
	✔ D. प्रयुक्त प्रकाश के रंग (तरंगदैर्ध्य) और माध्यम युग्म

Q.17	प्लास्मोडियम (Plasmodium) में प्रजनन की निम्नलिखित में से कौन-सी विधि पाई जाती है?
Ans	✔ A. बहु फिशन (Multiple fission)
	✗ B. कलम बांधना (Grafting)
	✗ C. मुकुलन (Budding)
	✗ D. स्तरण (Layering)

Q.18	निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पादप और जन्तु कोशिकाओं में कोशिका भित्ति एवं कोशिका झिल्ली की सही तुलना करता है?
Ans	✔ A. पादप कोशिकाओं में कोशिका भित्ति और कोशिका झिल्ली दोनों दृढ़ होती हैं, जबकि जन्तु कोशिकाओं में केवल नम्य कोशिका झिल्ली होती है।
	✗ B. जन्तु कोशिकाओं में कोशिका भित्ति और कोशिका झिल्ली दोनों दृढ़ होती हैं, जबकि पादप कोशिकाओं में केवल नम्य कोशिका झिल्ली होती है।
	✗ C. न तो पादप और न ही जन्तु कोशिकाओं में कोशिका भित्ति होती है, लेकिन दोनों में कोशिका झिल्ली होती है।
	✗ D. पादप और जन्तु दोनों कोशिकाओं में कोशिका भित्ति होती है लेकिन केवल पादप कोशिकाओं में कोशिका झिल्ली होती है।

Q.19	सक्रियता श्रेणी में मैग्नीशियम और आयरन के बीच कौन-सी धातु पायी जाती है?
Ans	✗ A. कॉपर
	✗ B. सिल्वर
	✗ C. पोटेशियम
	✔ D. जिंक

Q.20	निम्नलिखित में से कौन-सा आवर्धन (M), वस्तु दूरी (u) और प्रतिबिंब दूरी (v) के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है?
Ans	✗ A. आवर्धन = u/v
	✓ B. आवर्धन = v/u
	✗ C. आवर्धन = v × u
	✗ D. आवर्धन = u + v

Q.21	कौन-सा कोशिकांग कोशिका के भीतर या बाहर द्रव्य को संवेष्टित करने (packaging) तथा प्रेषण (dispatching) के लिए उत्तरदायी है?
Ans	✓ A. गॉल्जी उपकरण
	✗ B. राइबोसोम
	✗ C. माइटोकॉन्ड्रिया
	✗ D. नाभिक

Q.22	ओम के नियम के अनुसार, किसी चालक के सिरों के बीच विभवांतर (V) और उसमें प्रवाहित होने वाली धारा (I) का अनुपात नियत रहता है, बशर्ते कि ______।
Ans	✗ A. धारा अति उच्च हो
	✗ B. वोल्टता शून्य हो
	✓ C. तापमान नियत रहे
	✗ D. प्रतिरोध बदलता रहे

Q.23	अमीबा में विखंडन (fission) की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप ____________ का निर्माण होता है।
Ans	✗ A. आनुवंशिक रूप से भिन्न एक छोटी संतति कोशिका तथा एक बड़ी मातृ कोशिका
	✓ B. दो समान आकार की, आनुवंशिक रूप से समान संतति कोशिकाओं
	✗ C. बड़ी संख्या में छोटी, आनुवंशिक रूप से समान संतति कोशिकाओं
	✗ D. चार आनुवंशिक रूप से भिन्न संतति कोशिकाओं

Q.24	ऐनोड पंक (anode mud) क्या है?
Ans	✗ A. वैद्युतअपघटनी परिष्करण में विलयन में विलेय अशुद्धियाँ
	✗ B. वैद्युतअपघटनी परिष्करण में कैथोड पर निक्षेपित अविलेय अशुद्धियाँ
	✗ C. मृदा और जल का विलयन
	✓ D. वैद्युतअपघटनी परिष्करण में एनोड पर निक्षेपित अविलेय अशुद्धियाँ

Q.25	यदि दो बिंदुओं के बीच 5C आवेश स्थानांतरित करने के लिए 100 J कार्य की आवश्यकता है, तो बिंदुओं के बीच विभवांतर .... है।
Ans	✗ A. 50 V
	✓ B. 20 V
	✗ C. 25 V
	✗ D. 10 V

Section : **Mathematics**

Q.26	एक बस, जो आधी दूरी 72 km/hr की चाल से और अन्य आधी दूरी 90 km/hr की चाल से तय करती है, की औसत चाल कितनी होगी?
Ans	✗ A. 77 km/hr
	✓ B. 80 km/hr
	✗ C. 83 km/hr
	✗ D. 84 km/hr

Q.27	$(x-3)^2 + (x+3)^2$ को सरल कीजिए।
Ans	✔ A. 2x2 + 18
	✘ B. 3x2 + 18
	✘ C. 2x2 − 18
	✘ D. 2x2 + 16

Q.28	'A' एक एयर कंडीशनर ₹1,50,000 में खरीदता है और उसे 'B' को 30% की हानि पर बेच देता है। फिर 'B' उसे 'C' को उसके क्रय मूल्य पर 5% लाभ पर बेच देता है। 'C' के लिए एयर कंडीशनर का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?
Ans	✘ A. 1,25,480
	✘ B. 2,10,350
	✔ C. 1,10,250
	✘ D. 75,250

Q.29	एक त्रिभुज की भुजाएँ 37 cm, 44 cm और 15 cm हैं। 44 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई कितनी है?
Ans	✔ A. 12 cm
	✘ B. 33 cm
	✘ C. 16 cm
	✘ D. 45 cm

Q.30	वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 45, 95 और 185 को विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल प्राप्त होगा।
Ans	✘ A. 95
	✔ B. 10
	✘ C. 45
	✘ D. 185

Q.31	राहुल की वर्तमान आयु उसकी दादी की वर्तमान आयु का 2/7 है। 16 वर्ष बाद, उसकी आयु उसकी दादी की उस समय की आयु का 2/5 होगी। उसकी दादी की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 90 वर्ष
	✘ B. 100 वर्ष
	✘ C. 97 वर्ष
	✔ D. 84 वर्ष

Q.32	एक क्रिकेटर का 9 पारियों में औसत 68 रन है। यदि वह 10वीं पारी में 130 रन बनाता है, तो उसके औसत स्कोर में कितने रन (निकटतम पूर्ण संख्या तक पूर्णांकित) की वृद्धि होगी?
Ans	✘ A. 7
	✘ B. 10
	✔ C. 6
	✘ D. 15

Q.33	अम्ल और पानी के 540 लीटर घोल में, अम्ल और पानी का अनुपात 2 :10 है। इसमें कितने लीटर अम्ल मिलाया जाना चाहिए ताकि घोल में अम्ल और पानी का अनुपात 9 : 5 हो जाए?
Ans	✔ A. 720
	✘ B. 721
	✘ C. 719
	✘ D. 718

Q.34	4 आदमी किसी कार्य को 27 दिनों में कर सकते हैं। कितने आदमी उसी कार्य को 18 दिनों में करेंगे?
Ans	✔ A. 6
	✗ B. 7
	✗ C. 9
	✗ D. 8

Q.35	$\frac{1}{20}$, $\frac{11}{30}$ का कितना प्रतिशत है? (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)
Ans	✗ A. 23.64%
	✔ B. 13.64%
	✗ C. 28.64%
	✗ D. 27.27%

Q.36	57 − [82 − (72 ÷ 3 − (17 − 40 ÷ 5) ÷ 9)] को सरल कीजिए।
Ans	✗ A. −9
	✗ B. −8
	✔ C. −2
	✗ D. 3

Q.37	एक ठोस बेलन के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात 3 : 5 है। यदि इसका आयतन 12,936 cm^3 है, तो इसकी ऊँचाई कितनी होगी? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)
Ans	✔ A. 21 cm
	✗ B. 14 cm
	✗ C. 18 cm
	✗ D. 28 cm

Q.38	एक मीनार के पाद से 40 m दूर एक बिंदु से, मीनार के शिखर का उन्नयन कोण 45° है। मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 20 m
	✗ B. 48 m
	✗ C. 45 m
	✔ D. 40 m

Q.39	एक प्रस्तुति प्रतियोगिता में, ग्रुप लियो एक कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकता है, जबकि ग्रुप टाइगर इसे 18 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि दोनों ग्रुप मिलकर काम करें, तो वे कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे?
Ans	✗ A. 10 दिन
	✔ B. 6 दिन
	✗ C. 7 दिन
	✗ D. 5 दिन

Q.40	अरुण शहर A से शहर B तक की यात्रा करता है। यदि अरुण अपनी कार को अपनी सामान्य चाल के $\frac{2}{3}$ चाल से चलाता है, तो वह शहर B, 38 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि अरुण अपनी सामान्य चाल से गाड़ी चलाता है, तो उसे शहर A से शहर B तक जाने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?
Ans	✗ A. 73
	✔ B. 76
	✗ C. 78
	✗ D. 81

Q.41	P, Q और R प्रकार की वस्तुओं की कीमतें क्रमशः ₹280, ₹180 और ₹100 हैं। राजीव इन वस्तुओं को 3 : 4 : 3 के अनुपात में खरीदता है और कुल ₹27,900 खर्च करता है। उसने Q प्रकार की कितनी वस्तुएँ खरीदीं?
Ans	✗ A. 84
	✗ B. 48
	✓ C. 60
	✗ D. 72

Q.42	एक कक्षा में 42 विद्यार्थियों की औसत आयु 14 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 15 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्षों में) कितनी है।
Ans	✗ A. 65
	✗ B. 59
	✗ C. 60
	✓ D. 57

Q.43	किसी टेलीविजन सेट का अंकित मूल्य ₹35,000 है। एक दुकानदार 22% की छूट देता है और 75% का लाभ प्राप्त करता है। टेलीविजन सेट का क्रय मूल्य कितना है?
Ans	✗ A. ₹15,714
	✓ B. ₹15,600
	✗ C. ₹15,662
	✗ D. ₹15,570

Q.44	एक लघु गोले की त्रिज्या 5 cm है। लघु गोले का एकसमान रूप से विस्तार करके एक बड़ा गोला बनाया जाता है। बड़े गोले की त्रिज्या 15 cm है। लघु गोले की तुलना में बड़े गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल कितने गुना अधिक है?
Ans	✗ A. 3 गुना
	✓ B. 9 गुना
	✗ C. 15 गुना
	✗ D. 6 गुना

Q.45	₹5,200 की राशि पर 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है।
Ans	✗ A. ₹5,991
	✓ B. ₹6,292
	✗ C. ₹5,569
	✗ D. ₹5,552

Q.46	यदि किसी संख्या के 20% को 96 में जोड़ा जाए, तो परिणाम में वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 65% कितना होगा?
Ans	✗ A. 108
	✗ B. 98
	✗ C. 88
	✓ D. 78

Q.47	दो-अंकों वाली एक संख्या के अंकों का योग 5 है। यदि इस संख्या में 9 जोड़ दिया जाए, तो उनके अंकों के स्थान परस्पर बदल जाते हैं। वह संख्या ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 23
	✗ B. 32
	✗ C. 14
	✗ D. 41

Q.48	ईंधन की कीमत तीन क्रमिक माह में 50%, 35% और 50% कम हो जाती है, लेकिन चौथे माह में 45% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे माह में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)
Ans	✗ A. 80.11% की वृद्धि
	✗ B. 74.19% की कमी
	✓ C. 76.44% की कमी
	✗ D. 81.75% की वृद्धि

Q.49	एक दुकानदार छूट की तीन स्कीमें घोषित करता है। निम्नलिखित में से कौन-सी स्कीम ग्राहक के लिए सबसे अधिक लाभदायक है? A. 5 वस्तुएं खरीदें और 23 समान वस्तुएं मुफ़्त पाएं B. 14% और 37% की दो क्रमिक छूट C. 39% की दो समान क्रमिक छूट
Ans	✓ A. केवल A
	✗ B. केवल C
	✗ C. A और C दोनों
	✗ D. केवल B

Q.50	A, B और C एक काम को क्रमशः 3, 4 और 6 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, वे उसी काम का तीन गुना पूरा करने में कितना समय (दिन में) लेंगे?
Ans	✗ A. 5
	✗ B. 12
	✓ C. 4
	✗ D. 8

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (बाएं) 5 2 1 4 7 8 6 5 2 3 9 1 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?
Ans	✗ A. चार
	✓ B. एक
	✗ C. तीन
	✗ D. दो

Q.52	QP 7 का संबंध एक निश्चित तरीके से TO −4 से है। उसी प्रकार, AL 14 का संबंध DK 3 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RX 2 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
Ans	✓ A. UW −9
	✗ B. UV −7
	✗ C. TW −9
	✗ D. TV −7

Q.53	छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में F बैठा है। C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में A बैठा है। A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर B बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर पर कौन बैठा है?
Ans	✗ A. B
	✗ B. D
	✗ C. A
	✓ D. C

Q.54	दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 7 9 13 19 27 37 ?
Ans	✓ A. 49
	✗ B. 51
	✗ C. 50
	✗ D. 52

Q.55	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 88 75 62 49 36 ?
Ans	✗ A. 25
	✗ B. 21
	✗ C. 27
	✓ D. 23

Q.56	O, P, Q, R, W, X और Y एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। X के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, X के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। R, Y के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के बाईं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✓ A. W
	✗ B. P
	✗ C. O
	✗ D. Y

Q.57	दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं। (बाएं) 1 9 5 4 2 9 7 4 6 3 7 8 9 7 4 9 6 3 1 7 8 4 6 8 7 2 5 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या तथा ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?
Ans	✗ A. तीन से अधिक
	✗ B. एक
	✓ C. दो
	✗ D. तीन

Q.58	एक निश्चित कूट भाषा में, ‘technology is advancing’ को ‘mn jk rs’ और ‘humanity needs technology’ को ‘ap mn fg’ लिखा जाता है। दी गई भाषा में ‘technology’ को किस प्रकार लिखा जाएगा?
Ans	✓ A. mn
	✗ B. jk
	✗ C. rs
	✗ D. fg

Q.59	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? KR37 MT45 OV53 QX61 ?
Ans	✗ A. SY68
	✗ B. SY69
	✗ C. SZ68
	✓ D. SZ69

Q.60	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✓ A. GA-DI
	✗ B. JD-GK
	✗ C. NH-KO
	✗ D. LF-IM

Q.61	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. IM-HK
	✗ B. MQ-LO
	✗ C. KO-JM
	✓ D. OS-NR

Q.62	दी गई श्ृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 312 313 303 305 295 298 ?
Ans	✓ A. 288
	✗ B. 286
	✗ C. 287
	✗ D. 285

Q.63	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं। कथन: सभी अभिनेता, नर्तक हैं। सभी नर्तक, जादूगर हैं। निष्कर्ष: (I) सभी जादूगर, अभिनेता हैं। (II) कोई नर्तक, अभिनेता नहीं है।
Ans	✗ A. दोनों अनुसरण करते हैं
	✓ B. कोई भी अनुसरण नहीं करता
	✗ C. केवल II अनुसरण करता है
	✗ D. केवल I अनुसरण करता है

Q.64	दी गई संख्या और प्रतीक श्रृंखला को देखकर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है। सभी संख्याएँ एक अंकीय हैं। (बाएं) % * 7 % € % 2 # € $ € © 9 5 6 # 9 & 6 % 7 & (दाएं) ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक प्रतीक है?
Ans	✗ A. 3
	✗ B. 2
	✓ C. 1
	✗ D. 0

Q.65	उस सेट का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 को लीजिए - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) (8, 64, 8) (4, 16, 4)
Ans	✓ A. (9, 81, 9)
	✗ B. (3, 9, 4)
	✗ C. (2, 8, 2)
	✗ D. (5, 125, 5)

Q.66	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं। कथन: सभी हेलमेट, चटाई हैं। सभी हेलमेट, बोतलें हैं। निष्कर्ष: (I) कुछ चटाई, बोतलें हैं। (II) सभी बोतलें, हेलमेट हैं।
Ans	✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✗ D. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं

Q.67	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा? OPD73, RMG70, UJJ67, ?
Ans	✓ A. XGM64
	✗ B. YGN64
	✗ C. YHM63
	✗ D. XHN63

Q.68	यदि संख्या 5493218 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?
Ans	✗ A. 12
	✗ B. 5
	✓ C. 10
	✗ D. 8

Q.69	निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (बाएं) 9 7 8 1 7 5 8 7 2 7 6 5 8 5 7 5 4 1 8 6 3 3 4 5 9 4 4 (दाएं) ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है?
Ans	✗ A. 1
	✓ B. 2
	✗ C. 4
	✗ D. 3

Q.70	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से EFHL का संबंध AALQ से है। उसी तरीके से, OLXF का संबंध KGBK से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CWJU का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?
Ans	✗ A. YRTY
	✓ B. YRNZ
	✗ C. YRZN
	✗ D. YGHU

Q.71	यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ x है, x का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 18 - 6 ÷ 228 + 46 x 2 = ?
Ans	✗ A. 309
	✗ B. 326
	✗ C. 334
	✓ D. 313

Q.72	किसी निश्चित कूट भाषा में, 'uncle ocean elf' को 'so ex rj' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'elf yak queen' को 'ku yi ex' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'elf' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?
Ans	✗ A. so
	✓ B. ex
	✗ C. rj
	✗ D. ku

Q.73	यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा? 45 A 9 B 13 C 15 D 17 = ?
Ans	✗ A. 64
	✗ B. 61
	✓ C. 63
	✗ D. 62

Q.74	श्रुति बिंदु A से चलना प्रारंभ करती है और दक्षिण की ओर 12 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 8 km ड्राइव करती है, दाएं मुड़ती है और 4 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 12 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 10 km ड्राइव करती है। अंत में वह दाएं मुड़ती है, 4 km ड्राइव करती है और बिंदु D पर रुकती है। बिंदु A के सापेक्ष बिंदु D कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में है? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)
Ans	✗ A. 6 km, पूर्व की ओर
	✓ B. 6 km, दक्षिण की ओर
	✗ C. 7 km, पश्चिम की ओर
	✗ D. 5 km, उत्तर की ओर

Q.75	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, RVSQ का संबंध एक निश्चित तरीके से OSPN से है। उसी प्रकार, ZDAY का संबंध WAXV से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SWTR का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
Ans	✗ A. PTPO
	✗ B. PUPY
	✗ C. PSPO
	✓ D. PTQO

Q.76	सात व्यक्ति, B, C, D, I, J, K और L, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। K, L के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। I, L के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। D, J के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। J, C के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। B के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✗ A. J
	✗ B. D
	✗ C. C
	✓ D. K

Q.77	सात बॉक्स B, C, D, I, J, K और L, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। L के ऊपर केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। J के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। J और C के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। B को D के ठीक ऊपर रखा गया है। K को I के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। I और B के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?
Ans	✗ A. दो
	✗ B. तीन
	✗ C. एक
	✓ D. चार

Q.78	समर बिंदु A से शुरू होकर उत्तर दिशा में 58 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 64 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 63 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 66 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 5 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न हों।)
Ans	✗ A. पश्चिम में 3 km
	✗ B. पश्चिम में 4 km
	✓ C. पूर्व में 2 km
	✗ D. पूर्व में 1 km

Q.79	एक निश्चित कूट भाषा में, 'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' 'A - B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' 'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' 'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D × F + G – H ÷ J' है, तो D का J से क्या संबंध है?
Ans	✗ A. पिता के भाई के पुत्र की पुत्री
	✓ B. पिता के भाई के पुत्र की पत्नी
	✗ C. माता के भाई के पुत्र की पत्नी
	✗ D. माता के भाई के पुत्र की पुत्री

Q.80	वैभव अपनी कक्षा में ऊपर से 9वें और नीचे से 17वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
Ans	✗ A. 22
	✗ B. 26
	✓ C. 25
	✗ D. 21

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	27 मई से 30 मई 2025 तक कोयम्बटूर गोल्फ क्लब में खेले गए IGU दक्षिणी भारत जूनियर बॉयज़ गोल्फ चैम्पियनशिप में अपना पहला प्रमुख भारतीय गोल्फ यूनियन खिताब किसने जीता?
Ans	✔ A. हरजई मिल्खा सिंह (Harjai Milkha Singh)
	✘ B. गगनजीत भुल्लर (Gaganjeet Bhullar)
	✘ C. शुभंकर शर्मा (Shubhankar Sharma)
	✘ D. शिव कपूर (Shiv Kapur)

Q.82	वित्त वर्ष 2024–25 के लिए मई 2025 में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित कॉन्टिंजेंट रिस्क बफ़र (Contingent Risk Buffer) का प्रतिशत कितना है?
Ans	✔ A. 7.5%
	✘ B. 6.5%
	✘ C. 8.0%
	✘ D. 5.0%

Q.83	नवंबर 2025 में, भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'अजेय वैरियर-25 (AJEYA WARRIOR-25)' आयोजित किया?
Ans	✘ A. रूस
	✘ B. संयुक्त राज्य अमेरिका
	✘ C. फ्रांस
	✔ D. यूनाइटेड किंगडम

Q.84	किस युवा तैराक ने कैनेडियन ट्रायल्स के दौरान एक ही प्रतियोगिता में तीन व्यक्तिगत विश्व रिकॉर्ड स्थापित करके माइकल फेल्प्स की उपलब्धि की बराबरी की?
Ans	✘ A. सिडनी मैकलॉघलिन-लेवरोन (Sydney McLaughlin-Levrone)
	✘ B. एथिंग मु-निकोलायेव (Athing Mu-Nikolayev)
	✘ C. बीट्राइस चेबेट (Beatrice Chebet)
	✔ D. समर मैकिन्टोश (Summer McIntosh)

Q.85	निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने, 26 जून, 2025 को अपने चार्टर पर हस्ताक्षर के उपलक्ष्य में अपनी 80वीं वर्षगांठ मनाई?
Ans	✘ A. विश्व बैंक (World Bank)
	✔ B. संयुक्त राष्ट्र (United Nations)
	✘ C. नाटो (NATO)
	✘ D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

Q.86	17 जनवरी 2025 को हस्ताक्षरित ईरान-रूस साझेदारी संधि की अवधि क्या है?
Ans	✔ A. 20 वर्ष
	✘ B. 15 वर्ष
	✘ C. 25 वर्ष
	✘ D. 10 वर्ष

Q.87	अक्टूबर 2025 में, दिल्ली सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के सहयोग से वायु प्रदूषण से निपटने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी तकनीक लागू की?
Ans	✘ A. जहरीली गैसों की निगरानी और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए हवाई ड्रोन लॉन्च करना
	✔ B. वर्षा को बढ़ावा देने और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग
	✘ C. औद्योगिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर ऊर्ध्वाधर उद्यान स्थापित करना
	✘ D. प्रदूषित क्षेत्रों में धुंध कणों को फैलाने के लिए स्मॉग कैनन का उपयोग करना

Q.88	2025 में दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों की कुल संख्या कितनी है?
Ans	✗ A. 153
	✗ B. 130
	✗ C. 120
	✓ D. 139

Q.89	निम्नलिखित में से किस संस्थान ने जून 2025 में अपनी ₹30,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) की नीलामी के हिस्से के रूप में ₹5,000 करोड़ का ग्रीन बॉन्ड लॉन्च किया?
Ans	✗ A. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
	✗ B. इंडिया एक्ज़िम बैंक
	✗ C. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
	✓ D. भारतीय रिजर्व बैंक

Q.90	किस राज्य ने सितंबर 2025 में महिला सशक्तिकरण और वित्तीय सहायता पर ध्यान केंद्रित करते हुए नई अल्पसंख्यक कल्याण योजना, रेवंत अन्न का सहारा-मिसकीन ला कोसम (Revanth Anna ka Sahara-Miskeen la Kosam), शुरू की?
Ans	✗ A. गुजरात
	✗ B. केरल
	✓ C. तेलंगाना
	✗ D. महाराष्ट्र

Q.91	किस संस्थान ने 2025 में सुरंग सुरक्षा दिशानिर्देश विकसित करने के लिए NDMA के साथ साझेदारी की है?
Ans	✗ A. IIT मद्रास
	✗ B. IIT खड़गपुर
	✗ C. IIT बॉम्बे
	✓ D. IIT दिल्ली

Q.92	निम्नलिखित में से किसे 2025 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्राप्त हुआ?
Ans	✗ A. साइना नेहवाल
	✓ B. मनु भाकर
	✗ C. विराट कोहली
	✗ D. नीरज चोपड़ा

Q.93	जनवरी 2025 में इसरो (ISRO) के अध्यक्ष कौन बने?
Ans	✗ A. एस सोमनाथ
	✗ B. ए सिवाथनु पिल्लई
	✓ C. डॉ. वी. नारायणन
	✗ D. के राधाकृष्णन

Q.94	फरवरी 2025 में जारी ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार बोध सूचकांक (CPI) 2024 में भारत की रैंक क्या थी?
Ans	✗ A. 89
	✗ B. 93
	✗ C. 102
	✓ D. 96

Q.95	2025 एशिया पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पुरुष एकल SL3 (Men's Singles SL3) में स्वर्ण पदक किसने जीता?
Ans	✔ A. नितेश कुमार
	✘ B. प्रमोद भगत
	✘ C. उमेश विक्रम कुमार
	✘ D. नवीन शिवकुमार

Q.96	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से) के अंतर्गत, निम्नलिखित में से किस योजना के तहत 2025 में भारतीय अंतरिक्ष-तकनीक क्षेत्र में ₹211 करोड़ का सरकारी आवंटन हुआ?
Ans	✘ A. क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप्स (CGSS)
	✘ B. आत्मनिर्भर भारत इनोवेशन फंड (ABIF)
	✔ C. फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (FFS)
	✘ D. स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS)

Q.97	मई 2025 में सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक सेवा आवेदकों के लिए क्या अनिवार्य कर दिया है?
Ans	✘ A. केवल विधि की डिग्री
	✔ B. तीन वर्षों का विधिक अभ्यास
	✘ C. कोर्ट क्लर्क का अनुभव
	✘ D. अध्यापन के पाँच वर्ष

Q.98	भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय ने ______ के तहत इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए वित्तीय सहायता देने हेतु जुलाई 2025 में एक कार्यक्रम शुरू किया।
Ans	✘ A. PM इलेक्ट्रिक वेहिकल बूस्ट (PM Electric Vehicle Boost)
	✔ B. PM E-ड्राइव पहल (PM E-DRIVE initiative)
	✘ C. PM E-मोबिलिटी ड्राइव (PM E-Mobility Drive)
	✘ D. PM हरित परिवहन पहल (PM Green Transport Initiative)

Q.99	जून 2025 में, MBT Arjun Mk-1A के लिए 70-टन टैंक ट्रांसपोर्टर ट्रेलर की तकनीक किन कंपनियों को प्राप्त हुई?
Ans	✘ A. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड, जॉन गाल्ट इंटरनेशनल
	✘ B. भारत फोर्ज, दास हिताची लिमिटेड, जॉन गाल्ट इंटरनेशनल
	✔ C. BEML लिमिटेड, टाटा इंटरनेशनल व्हीकल एप्लीकेशन, SDR ऑटो प्राइवेट लिमिटेड, जॉन गॉल्ट इंटरनेशनल
	✘ D. मेटलटेक मोटर बॉडीज़ प्राइवेट लिमिटेड, गोमा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, जॉन गाल्ट इंटरनेशनल

Q.100	जून 2025 में, प्रकाशित संधारणीय विकास लक्ष्य राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, भारत में अपशिष्ट पुनर्चक्रण संयंत्रों की संख्या 2019-20 में 829 से बढ़कर 2024-25 में 3,036 हो गई है। यह सुधार मुख्य रूप से किस संधारणीय विकास लक्ष्य (SDG) में योगदान देता है?
Ans	✔ A. SDG 12
	✘ B. SDG 2
	✘ C. SDG 6
	✘ D. SDG 15

"